RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

## गुस्ताखी माफ



हल्के में मत लीजिए, हम हैं आयरलैंड।
समझ रखा था क्या हमें, भैया कायरलैंड।
भैया कायरलैंड, विश्व हल्के में लेता।
चारों खाने चित्त, कर दिया विश्व विजेता।
कह साहिल कविराय, किया क्या हमने तक लो।
हम हैं आयरलैंड, हमें हल्के में मत लो।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 171 | SUNDAY 28-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# फोकल प्वाइंट लिंक रोड पर धार्मिक स्थल निर्माण से इंडस्ट्री में बवाल, उद्घाटन कर मुसीबत में घिरे मुंडियां

## मंत्री बिट्टू का तंज—जब बाड़ ही खेत खाने लगे, तो रखवाली कौन करेगा

लुधियाना/यूटर्न/27 जून। लुधियाना में एक अलग तरह का मुद्दा सामने आया है। जहां पर फोकल प्वाइंट के फेस-8 में लिंक रोड पर ही गुरुद्वारा साहिब का निर्माण किया जा रहा है। शनिवार सुबह कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां की और से बिल्डिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। हालांकि इंडस्ट्री द्वारा मेन रोड बंद करने के चलते इस पर ऐतराज जताया है। जिसके चलते फोकल प्वाइंट फेस-8 एसोसिएशन, अपैक्स चैबर और सीआईसीयू के सदस्यों द्वारा उद्घाटन के बाद मंत्री हरदीप मुंडियां के साथ मुलाकात की गई। जहां उन्होंने अपना ऐतराज जताया। इंडस्ट्री ने कहा कि फोकल प्वाइंट में पीएसआईईसी की कई जमीनें खाली है, सड़क पर कब्जा करके निर्माण करने की जगह खाली जमीन पर गुरुद्वारा साहिब बनाना चाहिए। जिस पर मंत्री मुंडियां द्वारा सोमवार को इंडस्ट्री मिनिस्टर से मामले संबंधी बातचीत करने की बात कही गई है। तब तक के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया है। हालांकि इस मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी बयान जारी किया है। जिसमें उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब बाड़ ही खेत को खाने लग जाए, तो रखवाली कौन करेगा। चर्चा है कि इस मामले में मंत्री को कुछ शरारती लोगों द्वारा गुमराह करने का भी प्रयास किया जा रहा है।



### रोजाना सैकड़ों राहगीर गुजरते हैं

इंडस्ट्री का कहना है कि फोर्टीज अस्पताल से पहले 80 फीट रोड फोकल प्वाइंट की तरफ जाती है। वहीं सड़क आगे जाकर उक्त 45 फीट लिंक रोड से जुड़ती है। यह कुल सड़क 45/400 फीट है। रोजाना सैकड़ों की गिनती में वाहन चालक और राहगीर वहां से गुजरते हैं। लेबर के आने जाने के लिए मुख्य रास्ता वहीं है। अगर उक्त सड़क बंद कर दी गई, तो लोगों को काफी घुमकर आना जाना पड़ेगा।

### पीएसआईईसी ने एरिया किया एक्वायर

एसोसिएशन के मुताबिक उक्त सड़क के आसपास पहले खाली जमीन थी। तब वह जगह गुरुद्वारा साहिब बनाने के लिए अलॉट हुई थी। लेकिन फिर पीएसआईईसी ने पूरा एरिया एक्वायर कर लिया। जिसके बाद वहां प्लॉट काट दिए और सड़कें बना दी। जिसके चलते अब नक्शे में वे जमीन सड़क है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि खाली जमीन पर गुरुद्वारा साहिब बनाया जाए।

### क्या मंत्री को किया जा रहा गुमराह

वहीं चर्चा है कि कुछ शरारती लोगों द्वारा नक्शा में लिंक रोड होने की बात छिपाकर मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि इस स्टैप से इंडस्ट्री में रोष देखने को मिल रहा है। जिसके चलते मंत्री मुंडियां को इस मामले में ध्यान देने की जरुरत है। क्योंकि जल्द चुनाव होने जा रहे हैं, ऐसे में शरारती लोगों द्वारा गुमराह करके लोगों के मन में सरकार प्रति गलतफहमी भी डाली जा सकती है।



### नई जगह पर बने गुरुद्वारा साहिब, इंडस्ट्री करेगी सहयोग

वहीं अपैक्स चैबर के राहुल आहूजा ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब बनाना एक महान कार्य है। लेकिन सड़क पर कब्जा करने की जगह सरकार को चाहिए की पीएसआईईसी की खाली पड़ी जमीनों पर बनाया जाए। जिससे इंडस्ट्री को भी दिक्कत नहीं आएगी और धार्मिक कार्य भी हो जाएगा। यह सड़क बंद करने से इंडस्ट्री को भारी नुकसान होगा। सरकार नई जगह अलॉट करे, तो इंडस्ट्री खुद गुरुद्वारा साहिब के निर्माण में सहयोग करेगी।

### क्या आप सरकार ने पंजाब को माफिया के हवाले किया झ्र बिट्टू



केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा कि जब बाड ही खेत को खाने लगे, तो सुरक्षा कौन करेगा। लुधियाना के फोकल प्वाइंट से आई यह खबर और तस्वीर पंजाब सरकार की मिलीभगत का पदार्फाश करती है। मुख्यमंत्री के दौरे की आड़ में, स्थानीय मंत्री की मिलीभगत से सरकारी सड़क पर कब्जा किया जा रहा है। पीएसआईईसी द्वारा कोई आवंटन नहीं, कोई कागज नहीं, फिर भी खुलेआम दबंगई की जा रही है। क्या आप सरकार ने पंजाब को माफिया के हवाले कर दिया है ?




# महिलाओं की सेहत को हल्के में लेना खतरनाक, हार्ट डिजीज और ब्रेस्ट कैंसर के मामले बढ़े :डॉ. गुरशीन कौर



शिफाली

लुधियाना/यूटर्न/27 जून। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में महिलाएं घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियां संभाल रही हैं, लेकिन इसी बदलती जीवनशैली के साथ उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर भी देखने को मिल रहा है। हार्ट डिजीज, ब्रेस्ट कैंसर और तनाव से जुड़ी बीमारियां अब पहले की तुलना में कम उम्र में भी सामने आ रही हैं। इस विषय पर मोहनदाई ओसवाल अस्पताल की इंटरनल मेडिसिन और कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. गुरशीन कौर ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।



**आपने डॉक्टर बनने का फैसला क्यों किया और महिलाओं के स्वास्थ्य पर फोकस क्यों किया?**

डॉक्टर बनना मेरे लिए किसी एक दिन का फैसला नहीं था, यह कहीं न कहीं परिवार और माहौल से जुड़ा हुआ था, क्योंकि घर में पहले से डॉक्टर थे। लेकिन असली बदलाव तब आया जब मैंने मरीजों को करीब से देखना शुरू किया। मुझे यह महसूस हुआ कि महिलाओं की सेहत को बहुत हल्के में लिया जाता है— उनके दर्द और लक्षणों को अक्सर 'छोटी समस्या' कहकर टाल दिया जाता है।

कई बार महिला पेट दर्द या थकान लेकर आती है, लेकिन उसे सिर्फ गैस की दवा देकर भेज दिया जाता है, जबकि असल बीमारी कुछ और होती है। यही अनदेखी मुझे सोचने पर मजबूर करती रही और यहीं से महिलाओं के स्वास्थ्य पर काम करने की दिशा तय हुई।

**क्या महिलाओं में हार्ट डिजीज अब पहले से जल्दी आने लगी है?**

बिल्कुल। अब दिल की बीमारियां सिर्फ उम्रदराज लोगों तक सीमित नहीं रहीं। पहले जहां यह समस्या 50-60 की उम्र में दिखती थी, अब यह काफी पहले सामने आने लगी है।

इसके दो बड़े कारण हैं—पहला, हमारी डायग्नोस्टिक तकनीक बहुत बेहतर हो गई है, जिससे बीमारी जल्दी पकड़ में आ जाती है। और दूसरा, आज की जीवनशैली—तनाव, गलत खान-पान, कम शारीरिक गतिविधि और अनियमित दिनचर्या—दिल पर सीधा असर डाल रही है।

**क्या यह सच है कि महिलाएं दिल की बीमारियों से सुरक्षित होती हैं?**

यह सबसे बड़ा भ्रम है। महिलाएं किसी भी तरह से दिल की बीमारियों से सुरक्षित नहीं हैं। 40-45 साल की उम्र के बाद शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन कम होने लगता है, जो पहले दिल की सुरक्षा करता है। जैसे-जैसे यह हार्मोन घटता है, हार्ट अटैक का खतरा बढ़ने लगता है।

सबसे बड़ी चुनौती यह है कि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण अक्सर 'क्लासिक' नहीं होते—जैसे भारीपन, बेचैनी, अचानक पसीना आना, सांस फूलना या बिना कारण घबराहट। कई बार ये संकेत सामान्य समझकर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, और यहीं से देर हो जाती है।

**ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी क्यों हो रही है?**

आज ब्रेस्ट कैंसर के मामले सिर्फ उम्र का विषय नहीं रह गए हैं, बल्कि यह जीवनशैली से गहराई से जुड़ गया है। बदलता खान-पान, प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, पर्यावरणीय बदलाव और देर से शादी व मातृत्व—ये सभी बड़े कारण हैं। इसके अलावा कई महिलाएं स्तनपान भी कम अवधि तक करती हैं, जो एक रिस्क फैक्टर माना जाता है। इसलिए यह बीमारी अब पहले से कम उम्र में भी दिखाई देने लगी है, और यही सबसे चिंताजनक बात है।

**ब्रेस्ट कैंसर की शुरूआती पहचान कैसे की जा सकती है?**

सबसे जरूरी है जागरूकता और नियमित सेल्फ-चेक। हर महिला को समय निकालकर खुद अपने शरीर की जांच करनी चाहिए। अगर स्तन में कोई गांठ, सख्ती या असामान्य बदलाव महसूस हो, तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए—even if it feels movable or painless. इसके बाद डॉक्टर की सलाह पर FNAC, अल्ट्रासाउंड या मैमोग्राफी जैसी जांचें की जाती हैं। खास बात यह है कि उम्र के अनुसार जांच का तरीका अलग होता है—युवतियों में अल्ट्रासाउंड और बड़ी उम्र में मैमोग्राफी ज्यादा उपयोगी होती है।

**आज की व्यस्त महिलाओं के लिए सबसे जरूरी स्वास्थ्य सलाह क्या है?**

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि खुद की सेहत सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अगर आप खुद ठीक नहीं हैं, तो किसी और का ख्याल भी सही तरीके से नहीं रख पाएंगी। रोजाना कम से कम 40-45 मिनट तेज चलना दिल के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके साथ 15-20 मिनट की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग शरीर को मजबूत बनाती है। खान-पान में प्रोसेस्ड फूड कम करें और संतुलित आहार लें। तनाव को हल्के में न लें—योग, ध्यान, प्रार्थना या काउंसलिंग जैसी चीजें मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। डॉक्टर का संदेश साफ है—'पहले खुद को स्वस्थ बनाइए, तभी आप अपने परिवार को भी बेहतर संभाल पाएंगी।'

# लुधियाना में लोहा कारोबारी से साइबर ठगी का प्रयास, चंडीगढ़ पुलिस अधिकारी बन की कॉल, पर्चा दर्ज करने की दी धमकी

## ठग ने व्यापारी को वकील जरिए मामला सेंटल करने का भी ऑफर दिया

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/27 जून। लुधियाना में साइबर ठगों की और से नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शातिर ठगों द्वारा ऐसे तरीके अपनाए जा रहे हैं कि एक बार तो हर व्यक्ति उसे सच मान बैठता है और ठगी का शिकार हो जाता है। जबकि कई लोगों ने समझदारी दिखाई और उनका बचाव हो गया। ऐसे ही कुछ मामले पिछले दिनों शहर में देखने को मिले हैं। नए मामले में साइबर ठगों द्वारा खुद को चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारी बताकर एक लोहा कारोबारी को कॉल की गई। जिसके बाद व्यक्ति के खिलाफ शिकायत होने की बात कही। ठग ने एक वकील का नंबर देकर उसके जरिए मामला सेंटल करने का भी ऑफर दिया। हालांकि कारोबारी को शक हुआ और वे इन नौसरबाजों के जाल में नहीं फंसा। मगर कई लोग ठगों की चाल को समझ नहीं



पाते और ठगी का शिकार हो जाते हैं। पहले साइबर ठगी के मामलों में बढ़ोतरी हुई थी। लेकिन लुधियाना साइबर सैल द्वारा लगातार एक्शन लेने के बाद मामले कम हो गए। मगर अब फिर से कारोबारियों को निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि ठगों द्वारा ज्यादातर बिजनेसमैन से ही ठगी की जाती है।

**चंडीगढ़ पुलिस का एएसआई बता की कॉल...**जानकारी के अनुसार गिल रोड के लोहा कारोबारी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को चंडीगढ़ पुलिस का एएसआई बताया। उसने कारोबारी से कहा कि उनके खिलाफ एक शिकायत आई है। जिस पर जल्द एक्शन लिया जा सकता है। कई बातें करके उसने कारोबारी को पूरी तरह से डराने का प्रयास किया।

**वकील का नंबर देकर संपर्क करने को कहा...**जब कारोबारी ने कॉलर से शिकायत के कारण पूछे, तो उसने बताने से साफ इंकार कर दिया। फिर एक वकील का नंबर देकर उससे बात करके मिलने को कहा। कॉलर ने कहा कि वे कोई बात नहीं करेगा, जो पूछना है वकील से ही पूछो। हालांकि कारोबारी का किसी से कोई विवाद न होने के चलते वह ठगों की चाल समझ गया और उसने वकील को कॉल नहीं की। कुछ देर बाद फिर कॉलर ने कॉल कर वकील से बात करने का पूछा। मना करने पर धमकियां शुरू हो गई।

**घर का एड्रेस व बाकी जानकारी भी मौजूद...**कारोबारी ने कहा कि साइबर ठग इतने शातिर थे कि उन्हें उनका नाम, पिता का नाम, घर का एड्रेस और कारोबार का एड्रेस तक पता था। यानि कि ठगों द्वारा पूरी जानकारी इकट्ठी करने के बाद ही कॉल की। हालांकि जब कारोबारी ने बात करने से इंकार किया तो कॉलर ने धमकी दी कि उसकी रिकॉर्डिंग कर ली है और इसके आधार पर पर्चा दर्ज कर दिया जाएगा।




## नॉर्वे की 'नॉर्दर्न लाइट्स ट्रेन' बनी मिसाल, भारत में भी पहाड़ी पर्यटन ट्रेनों की मांग तेज

लुधियाना/यूटर्न/27 जून। नॉर्वे की 'नॉर्दर्न लाइट्स ट्रेन' ने दुनिया भर में रेल पर्यटन को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। आर्कटिक क्षेत्र की बर्फीली वादियों के बीच चलने वाली यह विशेष ट्रेन यात्रियों को अंधेरे पहाड़ी इलाकों में ले जाती है, जहां आसमान में चमकती ऑरोरा बोरेलिस यानी नॉर्दर्न लाइट्स देखने का अवसर मिलता है। यह सफर नॉर्वे की ऐतिहासिक रेल लाइन से होकर नारविक क्षेत्र, ब्योर्नफ्येल और कैटेराट जैसे खूबसूरत इलाकों तक जाता है। कैटेराट स्टेशन सड़क मार्ग से अलग और कम रोशनी वाला क्षेत्र माना जाता है, इसलिए यहां नॉर्दर्न लाइट्स देखने की संभावना बेहतर रहती है। नॉर्वे के इस पर्यटन मॉडल ने भारत में भी नई उम्मीदें जगा दी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दार्जिलिंग, पूर्वोत्तर राज्यों और लेह-लद्दाख जैसे पहाड़ी





व पर्यटन क्षेत्रों में इस तरह की थीम आधारित विशेष ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। ऐसी ट्रेनें यात्रियों को सिर्फ मंजिल तक पहुंचाने का साधन नहीं होंगी, बल्कि सफर को यादगार अनुभव में बदल देंगी। लोगों को उम्मीद है कि केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, जिन्होंने अपने छोटे कार्यकाल में ही सक्रिय और प्रभावी कार्यशैली से अच्छा प्रभाव छोड़ा है, इस दिशा में भी गंभीर प्रयास करेंगे। आम लोगों और पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में प्राकृतिक सुंदरता वाले क्षेत्रों को रेल पर्यटन से जोड़ना समय की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी ट्रेनें शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, होटल कारोबार, टैक्सी सेवा, स्थानीय बाजार, हस्तशिल्प और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। भारत में रेल यात्रा करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ी है। यदि इसे पर्यटन और अनुभव से जोड़ा जाए, तो यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो सकती है।

## 160 किलोमीटर सफर कर केंद्र पहुंचे अभ्यर्थी, महाराष्ट्र TET पेपर लीक से परीक्षा स्थगित



मुंबई/यूटर्न/27 जून। महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी ळएळ 2026 पेपर लीक मामले ने एक बार फिर परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को होने वाली परीक्षा को एक दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया, जिसके बाद दूर-दराज से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे शिक्षक अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वे करीब 160 किलोमीटर तक सफर कर परीक्षा देने पहुंचे थे, लेकिन अचानक परीक्षा टलने की सूचना ने उनकी मेहनत, समय और खर्च—तीनों पर पानी फेर दिया। महाराष्ट्र स्टेट काउंसिल ऑफ एग्जामिनेशन ने पेपर लीक की आशंका सामने आने के बाद ळएळ परीक्षा को स्थगित करने का फैसला लिया। जानकारी के अनुसार, भिवंडी क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के पास कथित तौर पर ऐसे दस्तावेज मिले, जिनमें मौजूद सवाल परीक्षा के प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। इसके बाद परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए परीक्षा टाल दी गई। इस परीक्षा का आयोजन महाराष्ट्र के 1,028 केंद्रों पर होना था।

## सीएम मान ने की सूरमा मुहिम की शुरूआत, नशा छोड़ने वालों को अंगूठी देकर सम्मानित किया

लुधियाना/यूटर्न/27 जून। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को लुधियाना में नशा विरोधी मुहिम सूरमा की शुरूआत की। उन्होंने नशे को मात देने वाले युवाओं को सूरमा कहकर सम्मानित किया और खास अंगूठी भी पहनाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जो भी युवा अपना कोई काम शुरू करना चाहता है, सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ चुके युवा दूसरों के लिए प्रेरणा हैं और वो खुद किसी सूरमा से कम नहीं है। सीएम मान ने कहा कि पंजाब एक बार फिर ह्यरंगला पंजाबह्ण की ओर बढ़ रहा है। उधर, सीएम के इस दावे पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तंज कसते हुए कहा कि पहले आप अपनी गंदी आदतें छोड़कर खुद सूरमा बन जाओ।

**पंजाब से नशे के कलंक को मिटाया जा रहा...**लुधियाना के गुरु नानक भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम मान ने दावा किया कि पंजाब अब कई क्षेत्रों में देश



के लिए मॉडल बन रहा है। उन्होंने कहा कि नशे से बाहर निकले इन सूरमाओं को सम्मानित करने से उन्हें यह एहसास होगा कि समाज ने उन्हें फिर से अपना लिया है।

सीएम मान ने कहा- जब किसी को यह समझ आ जाए कि नशे से बाहर निकलना क्यों जरूरी है, तो वह खुद इससे दूर होने की कोशिश करता है। पंजाब से नशे के कलंक को मिटाया जा रहा है। सरकार केवल माहौल बना सकती है, लेकिन बदलाव की कोशिश युवाओं को खुद करनी होगी।

## कालका-पिंजौर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा, सड़क किनारे कब्जे हटाए



लुधियाना/यूटर्न/27 जून। कालका-पिंजौर में सड़क किनारे बढ़ते अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला उपायुक्त के आदेशों पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत कालका स्थित काली माता मंदिर से लेकर पिंजौर के मल्लाह मोड़ तक सड़क किनारे किए गए कब्जों को हटाया गया ।कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ अमर सिंह की मौजूदगी में संबंधित विभागों की टीमों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। टीम ने दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान, अस्थायी ढांचे, रेहड़ियां और अन्य अवैध कब्जों को हटाकर मार्ग को खाली करवाया ।ड्यूटी मजिस्ट्रेट अमर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई जिला उपायुक्त के निर्देशों के तहत की गई है। सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन का उद्देश्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाकर आवाजाही को सुचारू करना है ।प्रशासन ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि दोबारा सड़क या सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक स्थानों को खाली रखें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# नयागांव की जर्जर इमारत में खूनी वारदात, 18 वर्षीय युवक की हत्या; साथी पीजीआई में जिंदगी की जंग लड़ रहा



अजीत झा

मोहाली/यूटर्न/27 जून। मोहाली के नयागांव में एक परित्यक्त इमारत के भीतर हुए खूनी हमले में 18 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पर तलवार और चाकू जैसे धारदार हथियारों से हमला किया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की पहचान खुड्डा अली शेर निवासी करणप्रीत सिंह (18) के रूप में हुई है, जबकि घायल हरप्रीत सिंह का पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर करणप्रीत को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की शुरूआती जांच के अनुसार, नयागांव पुल के पास स्थित खाली और जर्जर इमारत लंबे समय से नशा करने वालों का अड्डा बनी हुई थी। वीरवार देर रात यहां युवकों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान करणप्रीत और हरप्रीत पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला किया गया। करणप्रीत के भाई ने पुलिस को बताया कि वह शाम को घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। फोन पर संपर्क न होने के बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बाद में सूचना मिली कि दोनों युवक नयागांव के पास गंभीर हालत में पड़े हैं। परिजन उन्हें तुरंत पीजीआई लेकर पहुंचे, जहां करणप्रीत की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नयागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस इमारत में वारदात हुई, वहां लंबे समय से नशेड़ियों का जमावड़ा लगता था और कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिवदीप बराड़ ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और वारदात में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अविनाश राय खन्ना की विशेष मुलाकात

## उच्चीबस्सी रक्षा भूमि के बेहतर उपयोग और स्थानीय विकास की खन्ना ने उठायी मांग, दिए बेहतर सुझाव



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर//यूटर्न/27 जून।: पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से विशेष मुलाकात की। इस मौके खन्ना ने रक्षा मंत्री से पूर्व रक्षा अधिकारीयों कर्नल मलूक सिंह, कर्नल पी. एस. मन्हास, मेजर यशपाल सिंह द्वारा उन्हें सौंपे गए ज्ञापनों सम्बन्धी चर्चा करते हुए बताया कि उच्चीबस्सी सैन्य स्टेशन के आसपास के गांवों के निवासियों द्वारा लंबे समय से निर्माण एवं विकास संबंधी प्रतिबंधों के कारण आ रही कठिनाइयों सम्बन्धी जानकारी देते+ हुए उन्हें बताया कि यह सैन्य डिपो ब्रिटिश काल में स्थापित किया गया था। पहले इस क्षेत्र में आबादी कम थी परन्तु वर्तमान में अनेक गांव एवं आवासीय क्षेत्र विकसित हो चुके हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री को बताया कि नागरिकों को भवन निर्माण, नवीनीकरण एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों के लिए अनुमति प्राप्त करने में जटिल और समय लेने वाली प्रक्रियाओं का सामना करना पड रहा है। खन्ना ने बताया कि इसके साथ साथ जिला के हरिआना क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की लगभग 31 एकड़ अनुपयोगी भूमि का उपयोग कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव भी प्राप्त हुआ है। भारत सरकार स्वच्छ ऊर्जा, पराली प्रबंधन तथा कृषि अपशिष्ट के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीबीजी परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है। एच.पी.सी.एल. एवं गेल की टीमों द्वारा जून 2026 में स्थल का निरीक्षण किए जाने के बाद लगभग 15 एकड़ भूमि को इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना गया है।

खन्ना ने इस मौके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सुझाव दिया कि रक्षा भूमि में प्रतिबंधित क्षेत्रों के निर्माण स्वीकृति प्रक्रियाओं को सरल एवं समयबद्ध बनाया जाए तथा इसके स्थायी समाधान के लिए गोला-बारूद डिपो को कम आबादी वाले क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय नागरिकों की विकासात्मक आवश्यकताओं के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

# जर्मनी की ऑटो इंडस्ट्री पर संकट गहराया, प्लांट बंद हुए तो 45 हजार नौकरियां खतरे में



नई दिल्ली/बर्लिन/यूटर्न/27 जून। जर्मनी की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में संकट और गहराता नजर आ रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, हनोवर, ज्विकाऊ, एम्डेन और ऑडी के नेकारसुल्म प्लांट को बंद करने की आशंका ने कर्मचारियों और यूनियनों की चिंता बढ़ा दी है। यदि इन प्लांटों को बंद किया गया, तो 45 हजार से अधिक नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। यह स्थिति इसलिए और गंभीर मानी जा रही है, क्योंकि कंपनी पहले ही करीब 50 हजार नौकरियों में कटौती की योजना बना चुकी है। यूरोप की ऑटो इंडस्ट्री इस समय इलेक्ट्रिक वाहनों की धीमी मांग, बढ़ती लागत, चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा और कमजोर वैश्विक बाजार जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। उत्पादन लागत कम करने और बिजनेस मॉडल को नए दौर के अनुसार ढालने के लिए कंपनियां बड़े स्तर पर पुनर्गठन की तैयारी कर रही हैं। लेकिन इसका सबसे बड़ा असर कर्मचारियों पर पड़ सकता है। हनोवर, ज्विकाऊ और एम्डेन जैसे प्लांट जर्मनी की औद्योगिक पहचान से जुड़े हैं। वहीं ऑडी का नेकारसुल्म प्लांट भी लंबे समय से रोजगार और उत्पादन का बड़ा केंद्र माना जाता रहा है। इन इकाइयों पर संकट का मतलब केवल फैक्टरी बंद होना नहीं, बल्कि सप्लाई चेन, छोटे पार्ट्स निर्माताओं, स्थानीय कारोबार और हजारों परिवारों की आर्थिक सुरक्षा पर सीधा असर है। कर्मचारी संगठनों का मानना है कि नौकरियों में इतनी बड़ी कटौती जर्मनी की औद्योगिक रीढ़ को कमजोर कर सकती है।

# पंजाब की राशन व्यवस्था में एआई की एंट्री, अब रियल टाइम निगरानी से पकड़ी जाएंगी गड़बड़ियां



चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। पंजाब राज्य खाद्य आयोग अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के क्रियान्वयन को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की संभावनाओं पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में आयोग द्वारा एआइ विशेषज्ञ निपुण स्याल के साथ एक विशेष विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा ने की। चेयरमैन बाल मुकंद शर्मा ने कहा कि आयोग का मुख्य कार्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरण व्यवस्था की निगरानी, शिकायतों की समीक्षा और नीतिगत सुधारों के लिए राज्य सरकार को सुझाव देना है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में निगरानी व्यवस्था को पारंपरिक ढांचे से आगे ले जाने की जरूरत है। एआइ ऐसी तकनीक है, जो रियल टाइम और डेटा आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सत्र के दौरान एआइ विशेषज्ञ निपुण स्याल ने विस्तार से बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से उचित मूल्य की दुकानों के ई-पीओएस लेन-देन का रोजाना विश्लेषण किया जा सकता है। इससे कम आपूर्ति, बंद पड़े राशन डिपो, वितरण में देरी या आवंटित और वितरित अनाज के बीच अंतर जैसी गड़बड़ियों की समय रहते पहचान हो सकेगी। इससे आयोग को शिकायत आने का इंतजार किए बिना ही संभावित समस्या पर नजर रखने और सुधारात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मशीन लर्निंग मॉडल लाभार्थियों के डेटा को और अधिक शुद्ध बनाने में भी सहायक हो सकते हैं। प्रमाणित डाटासेट के साथ सुरक्षित क्रॉस-रेफरेंसिंग के जरिए डुप्लीकेट प्रविष्टियों, गलत जानकारी और अधूरे विवरणों की पहचान की जा सकती है। इससे पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने में पारदर्शिता बढ़ेगी और अपात्र या संदिग्ध प्रविष्टियों पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी।

# अफगानिस्तान में भूकंप, पंजाब-जम्मू-दिल्ली तक कांपी धरती




नई दिल्ली/चंडीगढ़/जम्मू/यूटर्न/27 जून। शनिवार शाम उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के कई इलाकों में धरती हिलने से लोगों में दहशत फैल गई। झटके महसूस होते ही लोग घरों, दुकानों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। कई जगहों पर पंखे, खिड़कियां और दरवाजे हिलते देख लोग घबरा गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 मापी गई। भूकंप शनिवार शाम 7 बजकर 04 मिनट पर आया और इसकी गहराई करीब 215 किलोमीटर बताई गई है। गहराई अधिक होने के कारण इसके झटके दूर तक महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में भी लोगों ने झटके महसूस किए।



पेज 12 शानन परियोजना पर हिमाचल ने फिर ठोका...

# हाई प्रोफाइल आर.के. मल्होत्रा होजरी विवाद में 13 लोगों पर FIR के बाद हलचल,

## सूत्रों का दावा–महंत प्रवीण चौधरी से समझौते की कोशिशों में जुटे नेता और बिचौलिए



लुधियाना/यूटर्न/27 जून। तीन करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले से शुरू हुआ आर.के. मल्होत्रा होजरी विवाद अब शहर का हाई प्रोफाइल मामला बनता जा रहा है। होजरी कारोबारी प्रतीक टंडन की शिकायत पर दर्ज धोखाधड़ी के केस के बाद यह विवाद लगातार नए मोड़ ले रहा है। अब मां बगलामुखी मंदिर के महंत प्रवीण चौधरी के खिलाफ कथित अभद्र भाषा बोलने और उनकी छवि खराब करने के आरोप में दो पार्षदों, पार्षद पति सहित 13 लोगों पर केस दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है।

सूत्रों के अनुसार, शनिवार को FIR दर्ज होने के बाद कई राजनीतिक चेहरे, स्थानीय नेता और कुछ बिचौलिए इस मामले को समझौते की दिशा में ले जाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग महंत प्रवीण चौधरी तक पहुंच बनाकर विवाद को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस संबंध में महंत पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार, यह मामला उस समय और गंभीर हो गया जब मां बगलामुखी मंदिर के महंत प्रवीण चौधरी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक शब्दावली प्रयोग करने और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भाजपा पार्षद सिमरनजीत सिंह सिम्मा, गौरवजीत गौरा और पार्षद पति जतिंदर गोरियां सहित कुल 13 लोगों पर मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मामले











में कुछ वीडियो और अन्य साक्ष्यों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है।

शहर में चर्चा है कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामले में जनप्रतिनिधियों के नाम आने से विवाद का असर सिर्फ कानूनी दायरे तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका राजनीतिक और सामाजिक असर भी देखने को मिल सकता है। धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि ऐसे बयान समाज में गलत संदेश दे सकते हैं। दूसरी ओर, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कुछ आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विवाद के दौरान किसकी क्या भूमिका रही और किन परिस्थितियों में कथित टिप्पणी की गई।

# 94 साल की उम्र में मातृभूमि से फिर जुड़ा रिश्ता, अंतिम इच्छा–'भारतीय बनकर ही विदा होना है'



चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। 94 वर्षीय कोंड्रागुंटा महालक्ष्मम्मा की कहानी नागरिकता के कागजों से कहीं बड़ी है। यह उस भावनात्मक रिश्ते की कहानी है, जो इंसान को उम्र के अंतिम पड़ाव पर भी अपनी मिट्टी की ओर खींच लाता है। लंबे समय तक अमेरिका में रहने और वहां की नागरिकता लेने के बाद महालक्ष्मम्मा ने अब फिर भारत की नागरिकता स्वीकार की है। आंध्र प्रदेश के बापटला में उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस दौरान उनके चेहरे पर उम्र की थकान जरूर थी, लेकिन आंखों में अपनी जन्मभूमि से जुड़ने की चमक साफ दिखाई दी। उनका कहना है कि जीवन ने उन्हें विदेश तक पहुंचाया, लेकिन दिल हमेशा भारत में ही रहा। अब उनकी अंतिम इच्छा है कि वह भारतीय नागरिक के रूप में ही इस दुनिया को अलविदा कहें। यह घटना सिर्फ एक बुजुर्ग महिला की व्यक्तिगत इच्छा नहीं, बल्कि भारतीय पहचान, मातृभूमि और संस्कारों से जुड़े गहरे भाव की मिसाल है। महालक्ष्मम्मा ने साबित किया कि पासपोर्ट बदल सकता है, देश बदल सकता है, लेकिन अपनी मिट्टी से जुड़ा अपनापन उम्रभर कायम रहता है।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्ग से 80 लाख की ठगी, 5.47 करोड़ के साइबर लेन-देन वाला आरोपी तेलंगाना से काबू

## आरोपी के खाते में 5.47 करोड़ का संदिग्ध साइबर लेन-देन, देशभर में 18 शिकायतें दर्ज

पंचकूला/यूटर्न/27 जून। पंचकूला साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ह्यडिजिटल अरेस्टह्न के नाम पर 70 वर्षीय बुजुर्ग से 80 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को तेलंगाना से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजारला रामूलू निवासी तेलंगाना के रूप में हुई है। पुलिस जांच में आरोपी के बैंक खाते में करीब 5 करोड़ 47 लाख रुपये का संदिग्ध साइबर फ्रॉड लेन-देन सामने आया है। आरोपी के खिलाफ देशभर में साइबर ठगी से संबंधित 18 शिकायतें दर्ज बताई जा रही हैं।

साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के अनुसार मामला पिंजौर



निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग की शिकायत पर 19 जनवरी 2026 को दर्ज किया गया था। आरोप है कि ठगों ने ट्राई, सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए डराया। आरोपियों ने कहा कि उनके नाम से जारी सिम का इस्तेमाल गंभीर अपराध में हुआ है और उनके बैंक खाते में 2 करोड़ रुपये का अवैध लेन-देन मिला है। ठगों ने महाराष्ट्र पुलिस का फर्जी लोगो लगा पत्र दिखाकर बुजुर्ग को गिरफ्तारी, जेल भेजने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इसके बाद उन्हें कई दिनों तक मानसिक दबाव में रखकर ह्यडिजिटल अरेस्टह्न जैसा माहौल बनाया गया। बैंक खातों की जांच और बाद में पैसे वापस करने का झांसा देकर आरोपियों ने उनसे कुल 80,09,500 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

# होटल में बुलाकर बनाई आपत्तिजनक वीडियो, हनी ट्रैप में फंसाकर कारोबारी से 22 लाख की ठगी

नई दिल्ली/लुधियाना/यूटर्न/27 जून। एक कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसाकर 22 लाख रुपये ठगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवती ने पहले कारोबारी से नजदीकियां बढ़ाई और फिर उसे मिलने के बहाने होटल में बुलाया। होटल में कारोबारी की आपत्तिजनक वीडियो बनाई गई, जिसके बाद ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो गया।




जानकारी के अनुसार, वीडियो वायरल करने और परिवार व समाज में बदनामी कराने की धमकी देकर कारोबारी से अलग-अलग समय पर करीब 22 लाख रुपये वसूले गए। शुरूआत में कारोबारी डर के कारण चुप रहा और आरोपियों की मांग पूरी करता रहा, लेकिन रकम की मांग लगातार बढ़ने पर उसने पुलिस से संपर्क किया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस साजिश में युवती के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे। शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है, जो अमीर और प्रतिष्ठित लोगों को निशाना बनाकर हनी ट्रैप के जरिए पैसे ऐंठता है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया या अनजान लोगों से संबंध बनाते समय सावधानी बरतें और ब्लैकमेलिंग की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# श्री मुक्तेश्वर निष्काम सेवा सोसाइटी ने गायक बाज सिंह की मदद की



लुधियाना/यूटर्न/27 जून। श्री मुक्तेश्वर निष्काम सेवा सोसाइटी द्वारा लंबे समय से समाज सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पंजाब के गायक बाज सिंह बाज की वायरल वीडियो सामने आने के बाद उनकी आर्थिक सहायता की गई। इस अवसर पर शिव नामदेव आश्रम के सेवादार नरिंदर सिंह जस्सल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंजाबी कलाकारों को एक मंच पर आकर ऐसे कलाकारों की मदद करनी चाहिए जो आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। सोसाइटी के चेयरमैन नीलकमल शर्मा ने बताया कि यह अत्यंत दुखद है कि आ बैठ बुड़े के टांगे पर तेनु सैर करावां नी जैसे लोकप्रिय गीत के गायक बाज सिंह बाज आज कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर हैं। इस दौरान श्री बाबा बालक नाथ धूनी लाइन मंदिर कमेटी के सेवादार परमजीत सिंह पम्मा ने सोसाइटी के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर सोसाइटी के चेयरमैन नीलकमल शर्मा, वाइस चेयरमैन कमल चीना, जनरल सचिव राजेश बिंद्रा, कोषाध्यक्ष दीपक आनंद, डॉ. विजय भांबरी, मीडिया सलाहकार जय वर्मा तथा सदस्य सनी मोटरन, संदीप शर्मा, यशवर्धन शर्मा, रजनीश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# माता चिंतपूर्णी चौंक पर ग्रिलिंग का कार्य पूरा, युवा वाहिनी समिति ने ट्रैफिक पुलिस का किया सम्मान




दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर //यूटर्न/27 जून। युवा वाहिनी समिति की ओर से माता चिंतपूर्णी चौंक पर 8.5 क्विंटल लोहे की ग्रिल लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग देने पर समिति ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया। समिति के प्रधान अश्वनी शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर शर्मा, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई शिवदेव सिंह, एएसआई रशपाल सिंह, एएसआई कमलजीत सिंह तथा होमगार्ड मंगल दास ने बैरिकेडिंग कर यातायात को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया, जिससे ग्रिल लगाने का कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो सका और आम लोगों को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर समिति के सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सहयोग करती रही है, जिसके लिए समिति पुलिस प्रशासन की आभारी है। अश्वनी शर्मा ने बताया कि माता चिंतपूर्णी चौक पर लगाई गई 8.5 क्विंटल लोहे की ग्रिल को जल्द ही आकर्षक लाइटों और धार्मिक झंडों से सजाया जाएगा, जिससे चौक की सुंदरता और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य में शहरवासियों के साथ-साथ धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने यह भी बताया कि युवा वाहिनी समिति प्रत्येक माह संक्रांति के अवसर पर माता चिंतपूर्णी चौक में लंगर का आयोजन करती है तथा जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता भी करती है। इस अवसर पर विकास शर्मा, बलजीत जितू, अमित गुप्ता, सुभाष कुमार, वंश कुमार, राकेश कुमार, करनजीत, तरसेम लाल, मनोज कैनेडी, मनोज दत्ता, मास्टर संदीप सूद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### वृंदावन में बढ़ती आस्था के साथ बढ़ती अव्यवस्था

वृंदावन विश्वभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्रतिवर्ष लाखों भक्त यहां भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से नगर की धार्मिक और आर्थिक महत्ता निरंतर बढ़ रही है। लेकिन दूसरी ओर एक चिंताजनक स्थिति भी सामने आ रही है। वृंदावन में बसने के नाम पर कुछ असामाजिक तत्व, नशे का कारोबार करने वाले लोग तथा अपराध से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियां भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं। ऐसे लोग धार्मिक वातावरण को दूषित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। नशाखोरी, चोरी, अवैध कब्जे और अन्य असामाजिक गतिविधियां वृंदावन की पवित्र छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि समय रहते इन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। प्रशासन, स्थानीय नागरिकों और धार्मिक संस्थाओं को मिलकर ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। साथ ही, कानून का सख्ती से पालन कराकर वृंदावन की धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना आवश्यक है। वृंदावन केवल एक नगर नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है। इसकी पवित्रता और शांति बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या पति-पत्नी अलग-अलग धर्म के हों तो शादी कैसे कर सकते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

भारत एक विविधताओं वाला देश है, जहां अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं। ऐसे में कई बार दो अलग धर्मों के व्यक्ति विवाह करना चाहते हैं। प्रश्न यह उठता है कि ऐसी शादी कानूनी रूप से कैसे की जा सकती है?

अलग-अलग धर्मों के दो बालिग व्यक्ति भारत में विवाह कर सकते हैं। इसके लिए सबसे प्रचलित कानूनी व्यवस्था Special Marriage Act, 1954 है।

इस कानून के तहत विवाह के लिए किसी एक पक्ष को अपना धर्म बदलने की आवश्यकता नहीं होती। दोनों व्यक्ति अपने-अपने धर्म को बनाए रखते हुए विवाह कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में Marriage Officer के समक्ष नोटिस दिया जाता है और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाती है। आवश्यक शर्तें पूरी होने के बाद विवाह का पंजीकरण (Registration) किया जाता है।

Special Marriage Act के तहत हुआ विवाह पूरी तरह वैध और कानूनी रूप से मान्य होता है। ऐसे विवाह से जन्मे बच्चों की वैधता और अन्य कानूनी अधिकार भी सुरक्षित रहते हैं। हालांकि, इस प्रकार के विवाह में प्रक्रिया और दस्तावेजों का सही पालन करना आवश्यक होता है। कई लोग यह मान लेते हैं कि अलग धर्म के लोगों की शादी के लिए धर्म परिवर्तन अनिवार्य है, जबकि Special Marriage Act इसी उद्देश्य से बनाया गया था कि बिना धर्म परिवर्तन के भी विवाह किया जा सके।

निष्कर्ष: अलग-अलग धर्मों के दो बालिग व्यक्ति Special Marriage Act के तहत बिना धर्म परिवर्तन किए कानूनी रूप से विवाह कर सकते हैं। कानून ऐसे विवाहों को पूर्ण मान्यता और संरक्षण प्रदान करता है।

# स्वर्गीय माता की स्मृति में फैट टू फिट जिम ने लगाई छबील, राहगीरों को पिलाया मीठा शीतल जल

**सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, जरूरतमंदों की मदद के लिए हर समय तैयार रहती हैं जिम संचालिका अनीता गुप्ता**




डेराबस्सी/यूटर्न/27 जून। सामाजिक सरोकारों और मानव सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाली फैट टू फिट जिम (केवल महिलाओं के लिए), तहसील रोड, डेराबस्सी की ओर से शनिवार को स्वर्गीय माता की पावन स्मृति में छबील सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा में राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को मीठा एवं शीतल जल वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों के सेवा भाव की सराहना की।

फैट टू फिट जिम की संचालिका अनीता गुप्ता ने बताया कि उनकी संस्था केवल फिटनेस तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा को भी अपनी जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने कहा कि उनकी स्वर्गीय माता हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देती थीं और उसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए यह छबील सेवा आयोजित की गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अनीता गुप्ता पहले भी कई सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। किसी जरूरतमंद परिवार को सहायता पहुंचानी हो, किसी बीमार व्यक्ति की मदद करनी हो या किसी सामाजिक आयोजन में सेवा देनी हो, वह हमेशा सबसे पहले आगे आकर लोगों का सहयोग करती हैं। गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वह एक मजबूत सहारा बनकर खड़ी रहती हैं। कार्यक्रम में जिम की महिला सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। सभी ने राहगीरों को प्रेमपूर्वक मीठा जल पिलाकर मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में भाईचारे, प्रेम और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में अनीता गुप्ता ने सभी सहयोगियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि भविष्य में भी फैट टू फिट जिम समाज सेवा के ऐसे कार्य लगातार करता रहेगा।

# उद्योगों की तरक्की के लिए ICAI का MSME क्लिनिक

## GST निरीक्षण से लेकर सीड फंडिंग तक हुई चर्चा



लुधियाना, 27 जून। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लुधियाना ब्रांच, ठक्म्फ्ठ द्वारा क्ठअककी टरटए एवं स्टार्टअप कमेटी के सहयोग से होटल फ्रेंड्स रीजेंसी, फिरोजपुर रोड में 'MSME महोत्सव 2026 एवं MSME क्लिनिक' का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य टरटए उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों, सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप इंडिया, सीड फंडिंग और विकास के अवसरों को लेकर जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र लुधियाना के जीएम एस.एस. रेखी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। एडवोकेट अमर प्रताप सिंह ने GST में स्टेट इंटेलिजेंस और प्रिवेंटिव यूनिट्स द्वारा ऑन द स्पॉट निरीक्षण से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी। सीए मुकुल लांबा ने स्टार्टअप इंडिया और सीड फंड स्कीम के तहत उपलब्ध फंडिंग व प्रोफेशनल अवसरों पर प्रकाश डाला। वहीं सीए मनोज लांबा ने टरटए मंत्रालय की योजनाओं और उद्योगों के विकास अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम को CICU, FICO, PHDCCI, IEC, LRGMA, BKTK एसोसिएशन और UCPMA जैसी औद्योगिक संस्थाओं का सहयोग मिला। संचालन कोषाध्यक्ष सीए अवनीत सिंह ने किया। ब्रांच चेयरमैन सीए विकास गोयल ने कहा कि टरटए भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ऐसे आयोजन उद्योगों को मजबूत दिशा देते हैं।

# लुधियाना में अकाली दल का प्रदर्शन, सीएम मान को दिखाईं काली झंडियाँ




लुधियाना/यूटर्न/27 जून। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के लुधियाना दौरे के दौरान उस समय राजनीतिक माहौल गरमा गया जब अकाली दल शहरी के नेताओं और समर्थकों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अकाली दल शहरी के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भिंडा और वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और काली झंडियाँ दिखाईं। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखते हुए प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया, लेकिन इसके बावजूद विरोध जारी रहा और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि सरकार सच्चाई को छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर कथित वीडियो झूठा है, तो उसे झूठ साबित करने के लिए गलत तरीकों का सहारा क्यों लिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का कथित रूप से अपमान किया गया है, जिससे सिख संगत में भारी रोष है। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक मुख्यमंत्री श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होकर माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर कई अन्य अकाली नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# खत्री, अरोड़ा समाज संगठित संबंधी बैठक 4 जुलाई को



लुधियाना/यूटर्न/27 जून। खत्री अरोड़ा समाज की बैठक को आयोजन किया गया।इस मौके मार्कीट कमेटी लुधियाना के पूर्व चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा, के.बी. ग्रुप के विजय बवेजा ने शिरकत करते हुए बताया कि समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आगामी बैठक 4 जुलाई को किंग पैलेस में होगी जिसमें संगठन के महत्व पर बल दिया जाएगा। इसके साथ बैठक में रिटायर्ड एडीसीपी सतीश मल्होत्रा, पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा, रिटायर्ड एसीपी गुरुप्रीत सिंह, पूर्व पार्षद कैलाश कपूर, लवली कपूर, दर्शन डाबर,पार्षद पति दविन्द्र जगगी, शंटी चोपड़ा,वरुण मल्होत्रा, बंटू मल्होत्रा, प्रिंस मल्होत्रा, सुनील बहल, रविंदर अरोड़ा, रमेश हाकिम, संजू मल्होत्रा, मोनू जुनेजा, पवन सहगल, राजू तलवार ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन का विशेष महत्व है जो समाज संगठित नही होता वह समाज हमेशा बिखरा हुआ रहता है और उन्नति नहीं कर पाता।

## सिविल अस्पताल की पार्किंग में नशे में मिला युवक, भाजपा नेता ने जारी की वीडियो



लुधियाना/यूटर्न/27 जून। लुधियाना के सिविल अस्पताल की पार्किंग में दिनदहाड़े एक युवक ड्रग्स का टीका लगाकर बेसुध हो गया। जिसकी वीडियो सामने आई है। भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी द्वारा यह वीडियो जारी किया गया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि युवक नशे की ओवरडोज के कारण बेसुध पड़ा है। मामले को लेकर लुधियाना सेंट्रल हलके से भाजपा नेता देबी ने कड़ा संज्ञान लिया। वे खुद सिविल अस्पताल पहुंचे और मीडिया को अपने मोबाइल पर वह वीडियो दिखाया जिसमें एक युवक अस्पताल परिसर के अंदर नशे की हालत में बेसुध पड़ा है और उसके पास सिरिंज पड़े हैं। भाजपा नेता ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा नशा मुक्त पंजाब के दावों की पोल खुली। देबी ने कहा कि सीएम भगवंत मान रोजाना नशा मुक्त पंजाब की मुहिम चलाने का दावा करते हैं लेकिन असलियत यह है कि अस्पताल जैसी जगहों पर भी सरेआम नशा हो रहा है।

## पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन': 4 स्थानों पर दबिश, 5 तस्कर गिरफ्तार;

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/जून। पंजाब में नशे और अपराध के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग चार स्थानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 5 नशा तस्करों को रंगे हाथों दबोचा है। इन कार्रवाइयों में भारी मात्रा में नशीली गोलियां, हेरोइन और अवैध शराब बरामद की गई है। इस बड़ी कामयाबी से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

**पहला मामला (थाना हठूर):** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर रेशम सिंह उर्फ रेशी को 30 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया।

**दूसरा मामला:** एक अन्य कार्रवाई में, पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर जांच करते हुए एक आरोपी को 12 नशीली गोलियों के साथ काबू किया।

**तीसरा मामला (सिद्धवां बेट):** पुलिस ने टी-प्वाइंट पत्ती मुल्तानी के पास नाकाबंदी कर सिकंदर सिंह उर्फ बाबू को 11 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा।

### अवैध शराब का धंधा भी ध्वस्त

**चौथा मामला (जगरांव):** अवैध शराब के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने मखण सिंह और गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 24 बोतलें अवैध देसी शराब बरामद की गई है।

### पुलिस का सख्त संदेश

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि समाज को नशा मुक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पकड़े गए सभी 5 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और एक्साइज एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस अब इन सभी मामलों की गहनता से जांच कर रही है ताकि इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।

# प्रशासक ने जीएमसीएच-32, चंडीगढ़ में वयस्क एवं वरिष्ठ नागरिक टीकाकरण क्लिनिक का उद्घाटन किया





चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच-32), चंडीगढ़ में वयस्क एवं वरिष्ठ नागरिक टीकाकरण क्लिनिक का उद्घाटन किया।

सामुदायिक चिकित्सा विभाग, जीएमसीएच-32 द्वारा रोटरी क्लब सेंट्रल, चंडीगढ़ के सहयोग से स्थापित इस क्लिनिक का उद्देश्य स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देना तथा वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों को टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करना है। यह क्लिनिक इन्फ्लुएंजा, न्यूमोकोकल रोग, हेपेटाइटिस ए एवं बी, टाइफाइड, टेटनस, शिंगल्स (हर्पीज जोस्टर) तथा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के विरुद्ध टीकाकरण सेवाएं प्रदान करेगा। ये बीमारियां हर वर्ष बड़ी संख्या में वयस्कों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं, अस्पताल में भर्ती होने तथा रोकी जा सकने वाली मृत्यु का कारण बनती हैं, जिन्हें समय पर टीकाकरण के माध्यम से काफी हद तक टाला जा सकता है। ड्डनवनिर्मित यह सुविधा एक ह्यवन-स्टॉप सेंटरह्न के रूप में कार्य करेगी, जहां वयस्कों एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आयु और स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर व्यक्तिगत टीकाकरण परामर्श एवं टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर जीएमसीएच-32 की निदेशक प्राचार्य डॉ. रवनीत कौर बेदी, रोटरी क्लब सेंट्रल, चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री वेभू भटनागर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल गुगलानी, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सोनिया पुरी, जीएमसीएच के संकाय सदस्य एवं वरिष्ठ चिकित्सक तथा अन्य हितधारक भी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने चंडीगढ़ में नशा विरोधी जन आंदोलन का किया आह्वान

## वार्ड स्तर पर अभियान चलाने का दिया संदेश

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस-2026' के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने नगर निगम चंडीगढ़ के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए नशा और अवैध तस्करी के खिलाफ एकजुट सामाजिक आंदोलन चलाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि नशा एक वैश्विक चुनौती है, जो समाज, जनस्वास्थ्य, सुरक्षा और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा तस्कर स्कूलों और महाविद्यालयों से लेकर स्थानीय समुदायों तक इस बुराई को फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों से जुड़े होने के कारण चंडीगढ़ भी अवैध तस्करी के खतरे के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आने वाला प्रत्येक युवा न केवल अपने परिवार के सपनों को तोड़ता है, बल्कि राष्ट्र अपनी बहुमूल्य युवा शक्ति का भी एक हिस्सा खो देता है। श्री कटारिया ने कहा कि नशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों के प्रयासों से नहीं जीती जा सकती। उन्होंने नगर निगम से प्रत्येक वार्ड में जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने, सामुदायिक केंद्रों में काउंसलिंग सत्र आयोजित करने तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, महिला मंडलों, युवा क्लबों और स्वयंसेवी संगठनों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ने का आह्वान किया।




उन्होंने प्रत्येक वार्ड में 'नशामुक्त वार्ड समितियों' के गठन का प्रस्ताव रखते हुए सामुदायिक केंद्रों को योग, खेल, ध्यान, परामर्श, व्यक्तित्व विकास और कौशल संवर्धन गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल दिया।

# सेक्टर-25 में स्वास्थ्य विभाग का एकीकृत स्वास्थ्य जांच शिविर, 62 लोगों के हुए चेस्ट एक्स-रे

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। यूटी स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को अपने एकीकृत स्वास्थ्य जांच अभियान के तहत सेक्टर-25 स्थित डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।

अभियान का उद्देश्य बीमारियों की समय रहते पहचान करना और कमजोर व वंचित वर्गों तक समग्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। शिविर में तपेदिक (टीबी), एचआईवी/एड्स, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें नि:शुल्क की गई। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन भी तैनात की गई, जिसमें डिजिटल चेस्ट एक्स-रे, सीबीएनएएटी (CBNAAT) जांच, परामर्श और टीबी के प्रति जागरूकता संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गई।



स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संचारी और गैर-संचारी रोगों को लेकर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए।

लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर उपचार, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

# मनीमाजरा में बिजली कटों से लोग बेहाल, सीपीडीएल से समाधान की मांग





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। मनीमाजरा क्षेत्र में लगातार हो रहे बिजली कटों से आम जनता और व्यापारियों की परेशानी बढ़ गई है। मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन ने सीपीडीएल प्रबंधन से बिजली व्यवस्था में सुधार करते हुए अघोषित कटों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन के चेयरमैन सुभाष धीमान ने कहा कि गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-13 स्थित मोटर मार्केट, जिसे एशिया की प्रमुख ऑटो मार्केटों में गिना जाता है, में रोजाना हजारों ग्राहक वाहन मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए आते हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि मनीमाजरा में करीब तीन लाख की आबादी रहती है और निजीकरण के समय उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति का भरोसा दिया गया था, लेकिन मौजूदा हालात उस दावे पर सवाल खड़े करते हैं। उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने और राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना भी कंपनी की जिम्मेदारी है। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने बताया कि इस समस्या को कई बार अधिकारियों के समक्ष उठाया गया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। उन्होंने सीपीडीएल के प्रबंध निदेशक से मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर बिजली व्यवस्था की समीक्षा कराने और अघोषित कटों से राहत दिलाने की मांग की। एसोसिएशन ने गर्मी के मौसम में विशेष निगरानी व्यवस्था लागू कर मनीमाजरा के निवासियों, व्यापारियों और ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई है।

# मुख्यमंत्री सैनी ने दिए सख्त निर्देश: 30 जून तक नालों की सफाई अनिवार्य, वार्ड होंगे रैंकिंग से सम्मानित




चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को हरियाणा निवास में हुई समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, सुशासन और जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एचआरडी, नई शिक्षा नीति और आयुष्मान भारत योजना सहित कई विषयों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने जनसेवाओं को तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले सभी नालों और नालियों की सफाई 30 जून तक हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निकायों में वार्ड रैंकिंग प्रणाली लागू करने और उत्कृष्ट वार्डों को सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने पर भी जोर दिया। आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रणाली विकसित करने के निर्देश भी दिए गए।

# वसंत विहार-2 में अधूरी सड़क बनी परेशानी, लोगों में रोष

## चुनाव खत्म होते ही सड़क निर्माण ठप, नगर परिषद पर उठे सवाल





जीरकपुर/यूटर्न/27 जून। वसंत विहार-2 में सड़क निर्माण का अधूरा काम नगर परिषद और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद चुनाव से पहले जिस सड़क का निर्माण तेजी से कराया जा रहा था, चुनाव खत्म होते ही काम अचानक बंद कर दिया गया। पिछले करीब चार महीनों से सड़क अधूरी पड़ी है और अधिकारी केवल आश्वासन देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि टूटी और उखड़ी सड़क के कारण रोजाना धूल, गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना उनकी मजबूरी बन गई है। लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन अब जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है। उनका कहना है कि राजनीतिक खींचतान का खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। वार्ड नंबर-13 के पार्षद सुखबीर सिंह ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कई बार नगर परिषद के जेई मेजर सिंह से सड़क निर्माण शुरू करवाने की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें ₹ऊपर से राजनीतिक दबाव₹ होने की बात कही गई। पार्षद का दावा है कि इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार राकेश ने भी यही कहते हुए काम करने से इनकार कर दिया कि यदि वह सड़क बना भी देगा तो उसे भुगतान नहीं मिलेगा। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा। लोगों ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, लेकिन इलाके में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि यदि जल्द सड़क और ड्रेनेज का काम पूरा नहीं हुआ तो बारिश के दौरान सड़क तालाब में बदल जाएगी, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी होगी। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि राजनीतिक विवादों से ऊपर उठकर तुरंत सड़क निर्माण शुरू कराया जाए और बारिश से पहले ड्रेनेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो इलाके के लोग बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। मौके पर वार्ड-13 के पार्षद सुखबीर सिंह लवली, सुरिंदर कुमार जसलौटिया, सुरिंदर कुमार शर्मा, शैल कुमारी, बलविंदर कौर, एकता गुलाटी, सोनिया, अंजू वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# टांगरी नदी में अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, चालक फरार



लालडू /यूटर्न/27 जून। गांव नगला स्थित टांगरी नदी में अवैध खनन का मामला सामने आया है। माइनिंग विभाग की टीम ने देर रात औचक चेकिंग के दौरान नदी से रेत निकाल रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर पकड़ लिया, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 26 जून की रात करीब एक बजे माइनिंग विभाग की टीम ने गांव नगला के पास टांगरी नदी क्षेत्र में जांच की। इस दौरान जीपीएस लोकेशन 30.39514, 76.902289 पर स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर-ट्राली अवैध रूप से रेत निकालते पाया गया। जांच में सामने आया कि उक्त खनन के लिए विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी।

जेई/एमआई अक्षत बंसल की शिकायत पर थाना हंडेसरा पुलिस ने अज्ञात चालक और ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ पंजाब माइंस एंड मिनरल एक्ट 1957 की धारा 21(1) और 4(1) के तहत मामला दर्ज किया है। एएसआई हरगोबिंद सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। फरार चालक और ट्रैक्टर मालिक की तलाश की जा रही है। मामले की सूचना कंट्रोल रूम मोहाली और एसडीएम डेराबस्सी को भी भेज दी गई है।

# महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर भाजपा ने डेराबस्सी हलके में लगाई छबीलें



डेराबस्सी/यूटर्न/27 जून। शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की बरसी के अवसर पर भाजपा नेताओं ने सेवा भाव के तहत डेराबस्सी, जीरकपुर और लालडू में छोलों एवं मीठे जल की छबीलें लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी और वरिष्ठ युवा भाजपा नेता हरदीप सिंह सैणी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर हरदीप सिंह सैणी ने महाराजा रणजीत सिंह के जीवन, उनकी वीरता और जनहितकारी शासन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका शासन धार्मिक सौहार्द, न्याय और 'सरबत दा भला' की भावना का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि आज पंजाब को भी ऐसे ही सुरक्षित, निष्पक्ष और विकासोन्मुख शासन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब के गौरवशाली इतिहास और विरासत का सम्मान करती है तथा राज्य में अमन, कानून व्यवस्था और सभी वर्गों के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में पुष्पिंदर मेहता, मेजर परागपुर, गुलजार टिवाणा, राजेश मास्टर, जस्सी, बिट्ढ, प्रदीप पाल सिंह, रिंकू जनेतपुर, वरजेश, सनअत भारद्वाज, सुभाष लालडू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय



### केजरीवाल से मान तक: आप का पंजाब पर फोकस, अब दिल्ली-केंद्रित से पंजाब-केंद्रित हुआ



संदीप शर्मा, सम्पादक

पंजाब की राजनीति में आने के बाद पहली बार, आम आदमी पार्टी (आप) ने एक ऐसी सच्चाई को स्वीकार किया है जो भले ही असहज हो, लेकिन उसे नकारा नहीं जा सकता: पंजाब को दिल्ली से न तो चलाया जा सकता है और न ही वहां चुनाव जीता जा सकता है। 2027 के कैंपेन के केंद्र में मुख्यमंत्री भगवंत मान को रखने का पार्टी का फैसला, उस केजरीवाल-केंद्रित और दिल्ली-संचालित मॉडल से एक बड़ा बदलाव है, जिसने 2022 में आप को शानदार जीत दिलाई थी। जो कैंपेन कभी अरविंद केजरीवाल के करिश्मे पर आधारित था, उसे अब मान की स्थानीय लोकप्रियता के आधार पर तैयार किया जा रहा है। यह पंजाब में आप के दिल्ली-केंद्रित संगठन से पूरी तरह मान-केंद्रित संगठन में बदलने का संकेत है। यह बदलाव सिर्फ.रणनीति तक सीमित नहीं है। यह राजनीतिक सच्चाई को स्वीकार करना भी है।

जब 2022 में आप ने पंजाब में ऐतिहासिक जनादेश के साथ जीत हासिल की थी, तो कैंपेन का ज्यादातर हिस्सा अरविंद केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था। पार्टी ने खुद को शासन के ₹दिल्ली मॉडल₹ के विस्तार के तौर पर पेश किया था। केजरीवाल की रैलियों में भारी भीड़ उमड़ती थी और कैंपेन के प्रचार-सामग्री में उनकी ही छवि छाई रहती थी। भले ही भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया था, लेकिन चुनाव को मुख्य रूप से केजरीवाल और पंजाब में दिल्ली जैसी शासन-सफलता दोहराने के उनके वादे पर वोट माना गया था। चार साल बाद, हालात बहुत बदल गए हैं। आप के पास अब वह अजेय होने का रुतबा नहीं रहा जो कभी हुआ करता था। पंजाब के बाहर, खासकर दिल्ली में चुनावी हार ने पार्टी के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है। आज आप के लिए पंजाब सिर्फ.एक और राज्य नहीं है; यह उसका मुख्य गढ़ है और शायद एक राष्ट्रीय राजनीतिक विकल्प होने के उसके दावों की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। 2027 में पंजाब हारना सिर्फ.सरकार गंवाने से कहीं ज्यादा नुकसानदेह होगा। यह दिल्ली से बाहर एक मजबूत राजनीतिक ताकत के तौर पर आप की पहचान पर ही चोट करेगा। ऐसे हालात में, भगवंत मान पर दांव लगाना तर्कसंगत और जरूरी दोनों है। कई क्षेत्रीय नेताओं के विपरीत, जिनकी लोकप्रियता पूरी तरह से उनकी पार्टी के आलाकमान पर निर्भर होती है, मान ने अपनी एक स्वतंत्र राजनीतिक पहचान बनाई है। आम पंजाबियों के साथ उनका आसानी से जुड़ना, राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल से उनका गहरा जुड़ाव और आम लोगों की भाषा और अंदाज में बात करने की उनकी काबिलियत ने उन्हें पंजाब में आप की सबसे अहम राजनीतिक संपत्ति बना दिया है। इससे भी जरूरी बात यह है कि वे पार्टी के इकलौते ऐसे नेता हैं जिनकी पूरे राज्य में असली लोकप्रियता है। पंजाब की राजनीति में पारंपरिक रूप से उन नेताओं को पसंद किया गया है जिन्हें 'मिट्टी का बेटा' माना जाता है। चाहे प्रकाश सिंह बादल हों, कैप्टन अमरिंदर सिंह हों या बेअंत सिंह, वोटरों ने अक्सर ऐसे नेताओं को प्राथमिकता दी है जो पंजाब की सामाजिक हकीकत से गहराई से जुड़े रहे हैं। ऐसे राजनीतिक माहौल में दिल्ली-केंद्रित कमांड स्ट्रक्चर की सीमाएं तय थीं। मान को आगे लाकर, आप आखिरकार पंजाब के हिसाब से खुद को ढाल रही है, न कि पंजाब से आप के हिसाब से ढलने की उम्मीद कर रही है। हालांकि, पार्टी को मान-केंद्रित बनाने में कुछ जोखिम भी हैं। अब से, सरकार की सफलता और विफलता को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री से जोड़कर देखा जाएगा। बेरोजगारी, खेती-किसानी की मुश्किलें, ड्रग्स की लगातार समस्या, औद्योगिक ठहराव और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे 2027 से पहले जनता की राय तय करेंगे। विपक्ष हर कमी को मान के नेतृत्व पर जनमत संग्रह में बदलने की कोशिश करेगा। फिर भी, आप के पास कोई खास विकल्प नहीं है। पंजाब की राजनीति बहुत ज्यादा स्थानीय और व्यक्तित्व-आधारित है। पार्टी सिर्फ.केजरीवाल या दिल्ली मॉडल का ज़िक्र करके सत्ता में बने रहने की उम्मीद नहीं कर सकती। उसे वोटरों को यह यकीन दिलाना होगा कि उसकी पंजाब सरकार ने अच्छा काम किया है और भगवंत मान दूसरे कार्यकाल के हकदार हैं। केजरीवाल से ध्यान हटाकर मान पर लाने में, आप सिर्फ.चेहरे नहीं बदल रही है; यह राजनीतिक परिपक्वता का संकेत है। पार्टी को शायद यह एहसास हो गया है कि 2027 में पंजाब का जनादेश दिल्ली के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि पंजाब के गांवों, कस्बों और शहरों में तय होगा। क्या यह एहसास सही समय पर हुआ है, यह सबसे अहम सवाल है।

# चंडीगढ़ में एमबीबीएस और पीजी की 50-50 नई सीटों की उम्मीद, भाजपा ने राज्यपाल से उठाया मुद्दा

अजीत झा,
चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में शनिवार को चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात कर शहर में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में एमबीबीएस और पीजी की 50-50 नई सीटें शुरू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि इस संबंध में केंद्र सरकार को पहले ही प्रस्ताव भेजा जा चुका है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि अगले 10 दिनों के भीतर इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय आने की उम्मीद है।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रशासक ने चिकित्सा शिक्षा, लंबित विकास परियोजनाओं और



जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष दविंदर सिंह बबला, इंदिरा सिंह और राज किशोर भी शामिल रहे। भाजपा ने उम्मीद जताई कि एमबीबीएस और पीजी सीटों में बढ़ोतरी से स्थानीय विद्यार्थियों को अधिक अवसर मिलेंगे और चंडीगढ़ चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में और मजबूत होगा।

# धनास में प्रॉपर्टी डीलर के घर देर रात हमला, पुरानी रंजिश के एंगल पर जांच



अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। धनास क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक प्रॉपर्टी डीलर के घर पर हथियारबंद युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। हमलावरों ने घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, गाली-गलौज की और बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। घटना के दौरान घर के अंदर मौजूद परिवार ने खुद को कमरे में बंद कर किसी तरह जान बचाई।

पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 11 बजे की है। पीड़ित गगन ने बताया कि वह रात करीब 10:45 बजे घर पहुंचे थे। कुछ देर बाद दरवाजे पर जोर-जोर से दस्तक की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने छत से बाहर झांककर देखा तो दो युवक घर के बाहर खड़े थे। एक ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि दूसरे ने चेहरे को कपड़े से ढंका हुआ था। एक के हाथ में तलवार और दूसरे के हाथ में डंडा था।

आरोप है कि दोनों युवकों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और बाहर खड़ी कार के शीशे भी तोड़ दिए। इस दौरान वे लगातार धमकियां देते रहे, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। गगन ने तुरंत पत्नी और बच्चों के साथ खुद को घर के अंदर सुरक्षित कर लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि करीब छह महीने पहले गगन का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस इसी पुरानी रंजिश को हमले की संभावित वजह मानकर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# हजारों फीट की ऊंचाई पर शर्मनाक हरकत! एयर होस्टेस से कथित छेड़छाड़ पर भारतीय यात्री को 6 महीने की जेल

सिंगापुर/यूटर्न/27 जून। हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ रही फ्लाइटङ्ख यात्री अपने सफर में व्यस्तङ्ख केबिन क्रू हर किसी की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा था। लेकिन इसी बीच एक कथित घटना ने न सिर्फ एक एयर होस्टेस को मानसिक रूप से परेशान कर दिया, बल्कि पूरे फ्लाइट क्रू को हस्तक्षेप करने पर मजबूर कर दिया। अब इसी मामले में सिंगापुर की अदालत ने एक भारतीय नागरिक को 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है। मामला फ्लाइट के दौरान एयर होस्टेस के साथ कथित छेड़छाड़ और लगातार परेशान करने से जुड़ा बताया गया है। जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय आकाश तिवारी अपने चार दोस्तों के साथ थाईलैंड से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में सफर कर रहे थे।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोप है कि उड़ान के दौरान वह और उनके साथी महिला फ्लाइट अटेंडेंट के वहां से गुजरने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

अदालती दस्तावेजों के अनुसार, जब फ्लाइट अटेंडेंट यात्रियों से भोजन की पसंद पूछने पहुंची, तब कथित तौर पर आकाश तिवारी ने हाथ बढ़ाकर उसके पैर को छूने की कोशिश की। आरोप है कि इस घटना के बाद उनके साथ मौजूद कुछ लोगों ने इस पर हंसकर प्रतिक्रिया दी। घटना के बाद एयर होस्टेस ने मामले की शिकायत अपनी वरिष्ठ अधिकारी से की, जिसके बाद उसकी ड्यूटी दूसरी आइल में बदल दी गई। हालांकि, आरोपों के अनुसार मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। बाद में जब फ्लाइट अटेंडेंट दूसरी तरफ यात्रियों की ट्रे इकट्ठा कर रही थी, तब आरोपी ने कथित तौर पर दोबारा उसके साथ अनुचित व्यवहार किया और उसे परेशान किया।

# अगले साल की शुरुआत में ट्रंप के भारत दौरे की संभावना, जल्द ही ट्रेड डील हो सकती है

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले साल की शुरूआत में भारत का दौरा कर सकते हैं, क्योंकि नई दिल्ली और वाशिंगटन एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच रहे हैं।

एक इंटरव्यू में रुबियो ने कहा कि ट्रंप के भारत दौरे को संभव बनाने के लिए कोशिशें चल रही हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि प्रस्तावित राष्ट्रपति दौरे की तैयारी के लिए वे खुद इस साल के आखिर में भारत जा सकते हैं। रुबियो ने कहा, हमें उम्मीद है। हम इसी दिशा में काम कर रहे हैं कि राष्ट्रपति अगले साल की शुरूआत में कभी भारत आएं। यह



प्रस्तावित दौरा भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेज बातचीत के बीच हो रहा है।

रुबियो ने बातचीत में हुई प्रगति पर उम्मीद जताई और कहा कि दोनों पक्ष बातचीत के अंतिम चरण में हैं और जल्द ही समझौता होने की उम्मीद है। चल रही बातचीत को बहुत सकारात्मक बताते हुए रुबियो ने कहा कि दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं।

**संपर्क मजबूत होने की उम्मीद...**अगर यह दौरा होता है, तो इससे भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होने की उम्मीद है, खासकर व्यापार, रक्षा, टेक्नोलॉजी और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग जैसे क्षेत्रों में। रुबियो ने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर भी जोर दिया और कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की हालिया मुलाकात के बाद संबंधों को और गति मिली है। भारत को अमेरिका के सबसे करीबी साझेदारों में से एक बताते हुए रुबियो ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्यक्तिगत तालमेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका क्वाड समूह (जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं) के नेताओं की अगली बैठक का इंतजार कर रहा है।

**2020 में भारत आए थे ट्रंप...**ट्रंप ने आखिरी बार फरवरी 2020 में भारत का दौरा किया था, जब उन्होंने अहमदाबाद में 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में भाग लिया था और नई दिल्ली में द्विपक्षीय बातचीत की थी। उनके दोबारा पद संभालने के बाद से, दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग को गहरा करना जारी रखा है, और प्रस्तावित व्यापार समझौते को इस बढ़ती साझेदारी का एक अहम स्तंभ माना जा रहा है।

# पंजाब में विकसित भारत-ग्राम जी योजना पर घमासान, मान सरकार ने जारी की अधिसूचना, वड़िंग बोले - भाजपा से क्या डील हुई ?

पंजाब/यूटर्न/27 जून। पंजाब में ग्रामीण रोजगार को लेकर एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। मान सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग नेनई रोजगार गारंटी योजना विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने इसे पंजाब विधानसभा के फैसले का अपमान बताते हुए सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पंजाब सरकार के आधिकारिक राजपत्र के अनुसार, राष्ट्रीय विजन विकसित भारत @ 2047 के तहत राज्य में एक नई विशेष रोजगार योजना को मंजूरी दी गई है। प्रशासनिक सचिव अजीत बालाजी जोशी के हस्ताक्षरों के तहत बीते कल 26 जून को ही यह आदेश जारी किया गया।



## १२५ दिनों के रोजगार की गारंटी

इस योजना के तहत पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 125 दिनों के वैधानिक मजदूरी रोजगार (कानूनी गारंटी) की व्यवस्था की गई है। यह योजना 1 जुलाई, 2026 से पूरे पंजाब राज्य के अधिसूचित ग्रामीण इलाकों में लागू हो जाएगी।

## राजा वड़िंग का तीखा बयान

इस अधिसूचना के जारी होते ही पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया है। राजा वड़िंग ने सरकार के इस कदम को पंजाबियों के साथ धोखा करार दिया है।

# वीआईपी रोड पर अवैध हुक्का बार पर पुलिस की कार्रवाई, तीन पर केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/27 जून। जीरकपुर पुलिस ने प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए कथित रूप से अवैध रूप से हुक्का बार संचालित करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के रेस्तरां में ग्राहकों को हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस के अनुसार एएसआई राज कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान वीआईपी रोड पुलिस बूथ प्रभारी एएसआई शरत कुमार ने सूचना दी कि सिंहपुरा लाइट्स स्थित द ब्रू स्टेट रेस्तरां में हुक्का बार चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस का दावा है कि मौके पर मौजूद संचालकों से हुक्का बार चलाने संबंधी लाइसेंस या परमिट मांगा गया, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि रेस्तरां का मालिक अमृत गर्ग है, जबकि गणेश मोहरा और अजय सिंह उसके साथ मिलकर हुक्का बार का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई उपायुक्त के आदेशों के उल्लंघन के मामले में की गई है। इस संबंध में गणेश मोहरा, अजय सिंह और रेस्तरां मालिक अमृत गर्ग के खिलाफ धारा 223 बीएनएस के तहत थाना जीरकपुर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगस्टर डोनी बल के २ गुर्गे अरेस्ट, अवैध हथियार और स्विफ्ट कार बरामद

जालंधर/यूटर्न/27 जून। जालंधर देहात की सीआईए स्टाफ पुलिस ने विदेश में छिपे कुख्यात गैंगस्टर डोनी बल गैंग के मुख्य सरगना और उसके एक अन्य साथी हथियार तस्कर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट कार, 30 बोर की एक पिस्तौल, एक 12 बोर की पंप एक्शन गन और एक अन्य 32 बोर की पिस्तौल (2 कारतूसों के साथ) बरामद की है।

आरोपी सुखजिंदर सिंह उर्फ बिट्टू अमृतसर और मनीष उर्फ जंसा होशियारपुर के रहने वाले हैं। उन पर पहले से ही हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि गैंग के बदमाश इलाके में वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद नाकेबंदी की



मदद से इन्हें दबोचा गया।

**आरोपी 2017 में गैंगस्टर डोनी बल संपर्क में आया था...**पुलिस जांच अनुसार मुख्यरोपी सुखजिंदर सिंह उर्फ बिट्टू साल 2017 में अमृतसर जेल में बंद रहने के दौरान गैंगस्टर डोनी बल के संपर्क में आया था। जेल के अंदर ही मिलकर अपना अलग गैंग तैयार किया, जिसका संबंध जगू भगवानपुरिया गैंग की दुश्मनी से जुड़ा है।

भगवानपुरिया गैंग से दुश्मनी के चलते सुखजिंदर जालंधर देहात के बिलगा और महितपुर इलाके में छिपा था और उसने अपनी सुरक्षा तथा वारदातों के लिए भारी मात्रा में अवैध हथियार जमा कर रखे थे। मार्च 2026 में महितपुर पुलिस द्वारा बरामद की गई एक विदेशी ग्लॉक पिस्तौल भी विदेश में बैठे डोनी बल ने ही सुखजिंदर बिट्टू के जरिए भिजवाई थी।

**पकड़े गए आरोपियो का अपराधिक रिकॉर्ड...**आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड बेहद खौफनाक है। सुखजिंदर सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ अमृतसर, तरनतारन और जालंधर के विभिन्न थानों में हत्या (धारा 302), हत्या के प्रयास (धारा 307) और आर्म्स एक्ट के तहत करीब 12 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं, मनीष उर्फ जंसा के खिलाफ भी होशियारपुर के थानों में आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

# सान्या मल्होत्रा का एनिमल प्रिंट लुक बना चर्चा का विषय



सान्या मल्होत्रा ने एनिमल प्रिंट ब्रालेट और मैचिंग बॉटम में अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाया ।ब्लैक ओवरले श्रग ने उनके बोल्ड लुक को क्लासी और स्टाइलिश टच दिया।

सॉफ्ट मेकअप, खुले बाल और कॉन्फिडेंट पोज ने फोटोशूट को और आकर्षक बना दिया ।ब्राउन चेयर और वार्म लाइटिंग के बीच उनका यह लुक काफी सिनेमैटिक नजर आया। फैंस सान्या के इस फैशन अवतार को बोल्ड, एलिगेंट और सुपर स्टनिंग बता रहे हैं।

# मानसून से पहले एक्शन में आए जीरकपुर नगर परिषद अध्यक्ष, जलभराव रोकने के लिए अधिकारियों को अल्टीमेटम

जीरकपुर/यूटर्न/27 जून। मानसून की दस्तक से पहले जीरकपुर नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह वीरक ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। शनिवार को उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों और इंजीनियरिंग विंग के साथ शहर के प्रमुख बरसाती नालों एवं प्राकृतिक जल निकासी मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



नालों की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल युद्धस्तर पर डी-सिल्टिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। वीरक ने कहा कि पिछले वर्षों में बारिश के दौरान जिन इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई थी, वहां इस बार पहले से ही विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बारिश शुरू होने से पहले सभी बरसाती नालों की सफाई हर हाल में पूरी होनी चाहिए, ताकि पानी की निकासी बिना किसी रुकावट के हो सके।

# 'TEN व – Never Stop Playing' कार्यक्रम में 200 से अधिक युवा क्रिकेटरों ने लिया हिस्सा, सचिन तेंदुलकर ने वीडियो संदेश से किया प्रेरित



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। पंजाब के एमिटी यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार को आयोजित 'TEN X व – Never Stop Playing' कार्यक्रम में 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 200 से अधिक युवा क्रिकेटरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अनूठे खेल कार्यक्रम का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में फिटनेस, चोटों से बचाव और सही खेल उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का विशेष वीडियो संदेश रहा। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को सही क्रिकेट जूते पहनने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उपयुक्त क्रिकेट शूज फुटवर्क, संतुलन और बल्लेबाजी प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं, साथ ही यॉर्कर जैसी गेंदों से पैर की उंगलियों को चोट लगने के खतरे को भी कम करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को सही खेल आदतें अपनाने और समर्पण के साथ खेलते रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में अभिनेता और कॉमेडियन गुरप्रीत घुग्गी ने भी युवा क्रिकेटरों से संवाद किया और उन्हें अनुशासन बनाए रखने, शारीरिक रूप से सक्रिय रहने तथा अपने खेल के सपनों को जुनून के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

टेन एक्सयू (Ten व) के सीईओ एवं सह-संस्थापक कार्तिक गुरुमूर्ति ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरणा, शिक्षा और बेहतर खेल माहौल उपलब्ध कराकर सशक्त बनाना है। वहीं सह-संस्थापक करण अरोड़ा ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए ऐसे अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है, जिससे वे मैदान के भीतर और बाहर दोनों जगह बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर पीएमएस बंगा, जगतेश्वर सिंह और गौरव कोहली ने भी खिलाड़ियों को शुरूआती उम्र से ही कौशल विकास, फिटनेस और सुरक्षित खेल अभ्यास पर ध्यान देने की सलाह दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, कोच और खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि 'TEN व – Never Stop Playing' एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य खेल जगत के दिग्गजों और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

# शानन परियोजना पर हिमाचल ने फिर ठोका दावा, बोले सुक्खू- लीज खत्म, पंजाब का अधिकार भी समाप्त



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 जून। शानन जलविद्युत परियोजना को लेकर हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बीच जारी विवाद के बीच मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बार फिर परियोजना पर हिमाचल का दावा दोहराया है। शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि 99 वर्ष की लीज समाप्त होने के बाद पंजाब का परियोजना पर कोई कानूनी अधिकार नहीं बचा है। पंजाब राजभवन में हुई बैठक के दौरान सुक्खू ने कहा कि शानन जलविद्युत परियोजना मंडी जिले में स्थित है और मंडी रियासत कभी भी संयुक्त पंजाब का हिस्सा नहीं रही। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत हस्तांतरित क्षेत्रों में शामिल नहीं थी, इसलिए पंजाब इस अधिनियम के आधार पर परियोजना पर दावा नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो मार्च 2024 को 99 वर्ष की लीज समाप्त हो चुकी है और इसके साथ ही उससे जुड़े सभी अधिकार स्वतः समाप्त हो गए। ऐसे में समाप्त हो चुकी लीज के आधार पर परियोजना के संचालन या स्वामित्व का दावा कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी रियासत वर्ष 1948 में भारतीय संघ में शामिल हुई थी और 1951 में हिमाचल प्रदेश को भाग-सी राज्य का दर्जा मिला था, इसलिए ऐतिहासिक दृष्टि से भी पंजाब का दावा उचित नहीं है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से जुड़े लंबित मामलों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश की 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी को मान्यता दे चुका है, लेकिन राज्य को पिछले एक दशक से अधिक समय से 13,066 मिलियन यूनिट बिजली और उससे जुड़े वित्तीय बकाये का लाभ नहीं मिल पाया है। सुक्खू ने चंडीगढ़ में हिमाचल के 7.19 प्रतिशत वैध हिस्से की मांग भी दोहराई। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों से पंजाब और हरियाणा चंडीगढ़ की भूमि और परिसंपत्तियों का लाभ उठा रहे हैं, जबकि हिमाचल अपने अधिकार से वंचित है। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-52 में प्रस्तावित अतिरिक्त हिमाचल सदन के निर्माण के लिए भूमि आवंटन का मुद्दा भी राज्यपाल के समक्ष रखा। गौरतलब है कि शानन जलविद्युत परियोजना के स्वामित्व को लेकर मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। फिलहाल केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं और परियोजना का संचालन पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) कर रहा है। वहीं हिमाचल सरकार का कहना है कि लीज समाप्त होने के बाद परियोजना का संचालन और नियंत्रण उसे सौंपा जाना चाहिए।

# पंजाब में शिक्षक भर्ती विवाद : आयु सीमा छूट और आरक्षण की विसंगतियों को लेकर बेरोजगार लाइब्रेरियन यूनियन ने सरकार को दी चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/जून। पंजाब में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही विवादों में घिर गई है। बेरोजगार लाइब्रेरियन यूनियन ने शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी लेक्चरर कैडर भर्ती विज्ञापन पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। यूनियन ने आरोप लगाया है कि भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार आयु सीमा से बाहर हो गए हैं, और आरक्षण नियमों का सही पालन नहीं किया गया है।

**प्रमुख माँगें और आपत्तियाँ:**

**आयु सीमा में और ढील की माँग:** यूनियन के प्रदेश नेता सिमर कौंके ने कहा कि 18 जून को जारी भर्ती पत्रों (नंबर 2026166938 और 2026166940) के तहत जो आवेदन माँगे गए हैं, उनमें दी गई



5 साल की आयु छूट नाकाफी है। भर्ती में देरी के कारण कई योग्य अभ्यर्थी ओवरएज हो चुके हैं, जिन्हें राहत देने के लिए सरकार को आयु सीमा में और अधिक छूट देनी चाहिए।

**आरक्षण में विसंगति:** यूनियन ने आरोप लगाया है कि पंजाबी विषय के लेक्चरर कैडर में अनुसूचित जाति (SC) और पिछड़े वर्ग (BC) को उनका संवैधानिक आरक्षण कोटा नहीं दिया गया है, जिससे इन वर्गों में भारी आक्रोश है।

**लाइब्रेरियन पदों की अनदेखी:** यूनियन ने चेतावनी दी कि सरकार केवल लेक्चरर भर्ती तक सीमित न रहे, बल्कि सरकारी स्कूलों में खाली पड़े लाइब्रेरियन के पदों को भी अविलंब भरे।

**'पब्लिक लाइब्रेरी एक्ट' लागू करने की पुरजोर माँग**

सिमर कौंके ने पंजाब सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि पड़ोसी राज्यों हरियाणा (1989) और राजस्थान (2006) में 'पब्लिक लाइब्रेरी एक्ट' पहले से लागू है, लेकिन पंजाब इस मामले में पिछड़ा हुआ है।

**16 विधायकों से मिले:** उन्होंने बताया कि इस बाबत 16 विधायकों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# यूरोप में रिकॉर्ड गर्मी, सोशल मीडिया पर वायरल हुए अजब नजारे

नई दिल्ली/यूटर्न/27 जून। यूरोप इन दिनों रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की चपेट में है। फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन सहित कई देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फ्रांस में हालात इतने गंभीर हैं कि पेरिस में इस सप्ताह 40 डिग्री से ऊपर तापमान वाले दिन, 1872 से 2019 तक के पूरे दौर से भी ज्यादा दर्ज किए गए। भीषण गर्मी के बीच सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। कहीं लोग धूप में रखे पैन पर नाश्ता पकाकर 'सन-कुक्ड ब्रेकफास्ट' दिखा रहे हैं, तो कहीं कुत्ते फव्वारों में बैठकर गर्मी से राहत लेते नजर आ रहे हैं। कई शहरों में लोग पार्कों, फव्वारों और एयर-कंडीशनिंग वाली जगहों का सहारा ले रहे





हैं। जर्मनी में भी गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा, जहां सारब्रुकेन के पास 41.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इटली के मिलान और रोम सहित कई शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। यूरोप की यह गर्मी अब सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि सोशल मीडिया और जलवायु संकट की बड़ी चेतावनी बन गई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372